पेज थ्री देहरादून

हर साल 23.66 लाख मीट्रिक टन पत्तियां बनती हैं आग का सबब।



देहरादून, बुधवार, 23 फरवरी 2022 

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### धर्म संसद में भड़काऊ भाषण देने पर हाईकोर्ट सख्त

**संवाददाता** देहरादून। हाईकोर्ट ने हरिद्वार में धर्म संसद के नाम पर भड़काऊ भाषण देने के मामले में जितेंद्र नारायण त्यागी उर्फ वसीम रिजवी की ओर से दायर जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद सरकार को 23 फरवरी तक स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार नदीम अली निवासी ज्वालापुर, हरिद्वार ने हरिद्वार कोतवाली में 2 जनवरी 2022 को शिकायत दर्ज कर कहा था कि हिंदू साधु संतों ने हरिद्वार में धर्म संसद का आयोजन 17 से 19 दिसंबर तक किया था। धर्म संसद में मुसलमानों के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आह्वान किया गया।

### भाजपा प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने जा रही: सीएम

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर पूर्व सीएम हरीश रावत को आड़े हाथ लिया है। सीएम धामी ने कहा कि हरीश रावत बार–बार अपने बयान बदलते रहते हैं। कभी वे खुद सीएम बनना चाहते हैं तो कभी दलित मुख्यमंत्री बनाने की पैरवी करते नजर आते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये ज्यादा दिन नहीं चलने वाला। भाजपा प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए 14 फरवरी को मतदान संपन्न हो चुका है। सभी राजनीतिक दल अपनी–अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

### जियो, जीने दो और जीवन दो के सूत्र को करना होगा आत्मसात: चिदानन्द

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने मंगलवार को वर्ल्ड थिंकिंग डे के अवसर पर 'सरल और सहज विचारों से युक्त जीवन, करूणा और दयालुता से युक्त हृदय एवं 'जियो, जीने दो और जीवन दो' का मंत्र दिया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि दुनिया का एक बड़ा हिस्सा एक ऐसे दौर से गुजर रहा है ऐसे में उन्हें 'सहयोग, सहानुभूति और सेवा' की अत्यधिक जरूरत है इसलिये हम सभी को जियो, जीने दो और जीवन दो के सूत्र को आत्मसात कर जीना होगा, तभी हमारा भविष्य और हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

### वन विभाग ने विशेष कार्ययोजना बनाई

**संवाददाता** देहरादून। जंगलों की आग की रोकथाम को कमर कस चुके वन विभाग की चिंता राज्य के लगभग 16 प्रतिशत हिस्से में फैले चीड़ के जंगलों ने अधिक बढ़ा दी है। मुख्य वन संरक्षक (वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन) निशांत वर्मा के अनुसार चीड़ वनों की संवेदनशीलता को देखते हुए इसी हिसाब से वनकर्मियों की तैनाती गई है।

# देर रात हुए बड़े हादसे ने 14 जिंदगियां लील ली

**दुखद**

■ वाहन में सवार सभी लोग टनकपुर के पंचमुखी धर्मशाला में हुई शादी में शामिल होकर लौट रहे थे घर

■ रेस्क्यू खत्म, चालक की हालत ज्यादा गंभीर

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में सोमवार देर रात हुए बड़े हादसे ने 14 जिंदगियां लील ली। बरात से लौट रहे लोगों को क्या मालूम था कि उनके साथ ऐसी अनहोनी होगी। बीती रात 3 बजकर 20 मिनट के लगभग वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। चंपावत जिला अस्पताल में भर्ती सूखीढांग वाहन दुर्घटना का घायल चालक प्रकाश राम बहुत कुछ बताने की स्थिति में तो नहीं है, लेकिन हादसे की डरावनी तस्वीरों का भाव उसके चेहरे और आंखों पर साफ दिखाई दिया।

चंपावत जिले के डांडा क्षेत्र में सोमवार रात बरात से लौट रहा एक वाहन खाई में गिरा, जिसमें 14 बरातियों की मौत हो गई। चंपावत से करीब 65 किमी दूर इस स्थान पर एक परिवार में शादी थी। हादसे की सूचना के बाद पुलिस व रेस्क्यू टीम मौके पर ही है। 13 शवों को खाई से बाहर निकाला गया है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।



टनकपुर–चम्पावत हाईवे से जुड़ी सूखीढांग–डांडामीनार रोड पर वाहन दुर्घटना में 16 में से 14 लोगों की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल चालक और एक अन्य व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार वाहन में सवार सभी लोग टनकपुर के पंचमुखी धर्मशाला में हुई शादी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। अब तक मिली जानकारी के बीती रात 3 बजकर 20 मिनट के लगभग वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया।



सोमवार रात खाना खाने के लिए सूखीढांग के एक होटल के पास वाहन रुका था। यहां खाना खाने के बाद सभी अपने गंतव्यों के लिए रवाना हुए। ककनई निवासी लक्ष्मण सिंह के बेटे मनोज सिंह की शादी में शामिल होने सभी गए थे। ज्यादातर मृतक लक्ष्मण सिंह के सगे संबंधी बताए जा रहे हैं।

मौके पर पहुंची पुलिस टीम दुर्घटना के कारणों का पता लगा रही है। सड़क में पड़े इन गड्ढों के बीच ही यहां सफर होता है। चालक की हालत ज्यादा गंभीर है। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन क्षमता से अधिक सवारी होने से दुर्घटना की आशंका मानी जा रही है।

### हालत ऐसी कि मौके पर पोस्टमार्टम का लिया निर्णय

चम्पावत। उत्तराखंड के जिले चम्पावत में 21 फरवरी मंगलवार की सुबह भीषण हादसे ने सभी को झकझोर दिया। जिसने सुना वही मौके पर दौड़ा चला आया। मैक्स वाहन सैकड़ों फीट गहरी खाई में गिरी थी। पता चला कि सभी बारात से वापस लौट रहे थे। रात साढ़े तीन बजे हुए हादसे में कोई मदद भी न कर सका। बस दो ही लोग जीवित बच पाए हैं। सुबह जब रेस्क्यू टीम नीचे घाटी में पहुंची तो वहां चट्टानों व झाड़ियों में शव बिखरे पड़े थे। शवों की हालत ऐसी थी मौके पर ही पोस्टमार्टम का निर्णय लिया गया। संयुक्त चिकित्सालय टनकपुर से डाक्टरों का पैनल घटना स्थल की ओर रवाना कर दिया गया है। अस्पताल के सीएमएस डा. घनश्याम तिवारी ने बताया कि डा. आफताब आलम, डा. हेमंत शर्मा एवं फार्मासिस्ट अनिल गड़कोटी का पैनल मृतकों का पोस्ट मार्टम करेगा। अब तक बरामद हो चुके शवों को सड़क तक पहुंचाया जा रहा है।


# ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे पर हुआ हादसा

**हादसा**

■ कार खाई में गिरने से दो लोगों की मौत, दो घायल

**संवाददाता**

ऋषिकेश। उत्तराखंड में मंगलवार को अलग–अलग जगह से दुर्घटनाओं की खबर सामने आ रही है। मनिकीरेती थाना क्षेत्र में ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे पर ब्रह्मपुरी के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का एम्स ऋषिकेश में उपचार चल रहा है।



मुनिकीरेती थाना निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11रू30 बजे पुलिस को एक कार के ब्रह्मपुरी के पास खाई में गिरने की सूचना मिली। सूचना पर तुरंत एसडीआरएफ और पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

खाई में उतरकर एसडीआरएफ जवानों ने मृतकों को और घायलों को बाहर निकाला। उत्तराखंड में आज मंगलवार को अलग–अलग जगह से दुर्घटनाओं की खबर सामने आ रही है। चंपावत के बाद कोटद्वार और अब ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे पर हादसे की खबर मिली है। थाना निरीक्षक रितेश शाह ने बताया कि कार में चार लोग सवार थे।

दुर्घटना के दौरान कार सवार रामदयाल (56) पुत्र बुद्धि दास ग्राम चमेली, पट्टी दोगी, नरेंद्र नगर, टिहरी गढ़वाल और संजय सजवाण पुत्र रणवीर सिंह सजवाण निवासी चंबा, टिहरी गढ़वाल की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं विकास भट्ट (30) निवासी पावकी देवी, पट्टी दोगी नरेंद्र नगर और रीना पंवार (22) निवासी ग्राम चमेली पट्टी दोगी नरेंद्र नगर घायल हो गए। घायलों को 108 इमरजेंसी एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश पहुंचाया गया। एम्स में घायलों का उपचार चल रहा है।

### इस बार बदलेगा ऐतिहासिक झंडा मेला का ध्वजदंड

**संवाददाता** देहरादून। श्री गुरु रामराय दरबार साहिब में हर वर्ष लगने वाले एतिहासिक झंडा मेले के आयोजन को लेकर इस बार मेला प्रबंधन समिति को प्रशासन की गाइडलाइन का इंतजार है। हालांकि समिति ने अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद मेले को उसी अनुसार स्वरूप दिया जाएगा। पंचमी के दिन 22 मार्च को झंडेजी के आरोहण के साथ मेला शुरू होगा। प्रेम, सद्भावना और आस्था का प्रतीक झंडा मेला होली के पांचवें दिन देहरादून स्थित श्री दरबार साहिब में झंडेजी के आरोहण के साथ शुरू होता है, जिसमें बड़ी संख्या में देश–विदेश की संगत मत्था टेकने पहुंचती हैं। वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए मेला संक्षिप्त रूप से ही आयोजित हुआ। यदि मेला लगाने की अनुमति मिली तो दुकानदार दुकानें लगा सकेंगे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।